हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–281 : जौनपुर, गुरुवार 17 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मोदी योगी लहर में उड़ जाएंगे अखिलेश : भाजपा प्रचंड बहुमत से बनाएगी सरकार – विजयवर्गीय

प्रयागराज ब्यूरो : सिराथू में डिप्टी सीएम के समर्थन में हुई चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय बुधवार की शाम प्रयागराज पहुंचे। यहां पार्टी कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि यूपी में पीएम मोदी और सीएम योगी की लहर में अखिलेश यादव उड़ जाऐंगे। इस चुनाव में सपा, बसपा और कांग्रेस साफ हो जाएगी। राष्ट्रीय महासचिव ने प्रयागराज में चुनावी तैयारियों का जायजा भी लिया। कहा कि प्रयागराज की सभी विधानसभा सीट इस बार भाजपा और उसके सहयोगी दल जीत रहे हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी के आधार पर भाजपा सरकार बनी थी। इस बार मोदी और योगी के काम पर प्रचंड बहुमत की सरकार यूपी में बनने जा रही है। डबल इंजन सरकार के विकास की गति नहीं रुकेगी – कैलाश कहा कि डबल इंजन की सरकार की विकास की गति अब रुकने वाली नहीं




है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कैलाश विजयवर्गीय ने स्वागत किया। बैठक में झारखंड के संगठन महामंत्री धर्मपाल , प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, विभव नाथ भारती, ओंकार केसरी, नवरत्न कात्याल , विवेक अग्रवाल, गिरिजेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## हाथों में हथकड़ी पहने संगम में डुबकी लगाने पहुंचा कैदी : देखने वाले हुए अचंभित

प्रयागराज ब्यूरो : माघी पूर्णिमा स्नान के दौरान हाथों में हथकड़ी पहनकर संगम तट पर पहुंचा युवक चर्चा का विषय बना रहा। उसे मप्र पुलिस के तीन जवान लेकर घाट पर पहुंचे थे। पूछने पर उन्होंने कुछ बोलने से इंकार कर दिया, ऐसे में यह नहीं पता चला कि युवक कौन था और उसे किसकी अनुमति से गंगा स्नान के लिए लाया गया। फिलहाल यह घटना चर्चा का विषय बनी रही। घाट पर जब उसे स्नान कराने के लिए पुलिस लेकर पहुंची तो देखने वाले स्तब्ध रह गए। करीब 15 मिनट तक स्नान और घाट पर पूजन कराने के बाद पुलिस उसे लेकर रवाना हो गई। वह जिधर से गुजर रहा था लोग उसे ही देख रहे थे। आर्ट ऑफ लीविंग की ओर से शिविरों में संतों–भक्तों को बांटा गया चार ट्रक खाद्यान्न संगम की रेती पर बसे माघ मेला में आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से संतों, श्रद्धालुओं के शिविरों में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस



दौरान खाक चौक स्थित सतुआ बाबा सेवा शिविर, बाघंभरी मठ छात्रावास, बड़े हनुमान मंदिर अन्नक्षेत्र, के अलावा मणि राम दास छावनी नृत्य गोपाल दास के शिविर के अलावा कल्पवासी शिविरों में चार ट्रक चावल, दाल, घी, च्यवनप्राश, सरसों का तेल, हैंडवाश और डिटर्जेंट पाउडर का वितरण किया गया। खाद्य सामग्री वितरण के समय श्रीश्री तत्व के प्रबंधा निदेशक अरविंद वर्चस्वी भी मौजूद थे। संतों–भक्तों और कल्पवासियों को स्वच्छता के साथ ही कोविड–19 के खतरों से सजग रहने के लिए भी जागरूक किया गया। आर्ट आफ लिविंग के मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ शिक्षक मूलचंद के अलावा स्वामी भव्यतेज, सुजीत के अलावा दर्जनों अयुनायी इस अभियान में शामिल थे।

## पीयू की मतदाता जागरूकता हेतु नई पहल : जनपद की सभी नौ विधानसभाओं में जाएगी एक्सप्रेस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2022 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पहल की गई है. गुरुवार को विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में हमारे जनपद में 07 मार्च को मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान में हिस्सा लें, जिससे जनपद जौनपुर पूरे प्रदेश में मतदान प्रतिशत में प्रथम स्थान पर रहे। याद रहे सचेत मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र का प्रहरी होता है।आप प्रदेश का भविष्य का फैसला करने जा रहे हैं, इसलिए सब काम छोड़कर पहला काम मतदान आपका धर्म बनता है। श्री महेंद्र कुमार ने सभी लोगों को आह्वान किया आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान हेतु जागरूक करें ताकि जिले में मतदान प्रतिशत शीर्ष पर रहे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.विजय कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की इस नई पहल के लिए कुलपति,कुलसचिव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग को बधाई दिया। जनपद जौनपुर के स्वीप कोऑर्डिनेटर सैयद मोहम्मद मुस्तफा ने अपने संबोधन में कहा कि निश्चित रूप से इस पहल से हमारा जनपद शत प्रतिशत मतदान करके मतदान प्रतिशत में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहेगा। कार्यक्रम



समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ राकेश कुमार यादव ने बताया कि यह एक्सप्रेस जनपद के सभी महाविद्यालयों में जाएगी और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। रोवर्स–रेंजर्स संयोजक डॉ जगदेव एवं डॉ. हरिओम त्रिपाठी ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस अवसर पर रोवर रेंजर बेसिक कोर्स के प्रतिभागी भी जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.अजय द्विवेदी, प्राचार्य डॉ रमेश मणि त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, नोडल अधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ राकेश कुमार बिंद, शशिकान्त यादव, डॉ विनय कुमार वर्मा, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, सुमित सिंह, शारदानंद उपाध्याय, सर्वेश यादव,पंकज कुमार, मनोज कुमार, मुन्ना रावत,राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, रोवर्स–रेंजर्स लीडर विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## थाना खेतासराय पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को अवैध तमंचों के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद नें अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 17.02.2022 को समय 02.40 बजे रात्रि में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा देखभाल क्षेत्र रात्रि गस्त के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए 02 अभियुक्तों को प्राइमरी पाठशाला जैगहा थाना खेतासराय जौनपुर से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–25/2022 धारा–401 भादवि व मु0अ0सं0–26/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 27/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तद् 1. साजिद पुत्र मुन्ना खान निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2. तबरेज का पुत्र स्व0 सरदार निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1. साजिद पुत्र मुन्ना खान निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 1. मु0अ0सं0–25/2022 धारा–401 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.मु0अ0सं0 26/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद




जौनपुर 3.मु0 अ0 सं0 211/2018 धारा 41 411 भा0द0वि0 थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 4.मु0अ0सं0 89/ 2018 धारा 379 411 भा0द0वि0 थाना बरदह जनपद आजमगढ़ 2. तबरेज पुत्र स्व0सरदार पतन निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 1.मु0अ0सं0–25/2022 धारा–401 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.मु0 अ0सं0 27 /2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3.मु0 अ0 सं0 002/ 2017 धारा 3/ 25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर 4.मु0 अ0 सं0 184 /2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर बरामदगी का विवरण– एक पेचकस , एक चाभी का गुच्छा ,एक संबल ,दो नाजायज तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस 315 बोर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.SO श्रीप्रकाश राय थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. हेड कां0 सत्येंद्र कुमार सिंह का0 छट्ठू यादव , का0 दिनेश सरोज , का0 अमरनाथ यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## थाना बक्शा पुलिस ने एक अन्तर–जनपदीय शातिर अपराधी को अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 17.02.2022 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्री अजय साहनी जौनपुर के कुशल निर्देशन मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर व थानाध्यक्ष श्री दिव्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरूध्द सघन अभियान में उ0नि0 विवेक कुमार तिवारी चौकी प्रभारी धनियामऊ व उ0नि0 मनोज कुमार सिंह मय हमराह के धनियामऊ बाजार में मामूर थे कि सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी अवैध असलहा के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से सरायहरखू की तरफ से धनियामऊ नहर पुल की तरफ जा रहा है । इस सूचना पर हम पुलिस वाले मौके पर पहुँचे तो एक व्यक्ति पुलिस वालों को देखकर भागने लगा, शक होने पर एकबारगी दबिश देकर पकड़ लिया गया। पूछने पर अपना नाम नाम राहुल यादव पुत्र रामबली ऊर्फ राजबली यादव नि0 सरौली थाना –बक्शा जनपद–जौनपुर बताया जिसकी जामा तलाशी से एक अवैध तमन्चा .315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माल कब्जा पुलिस में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.राहुल यादव पुत्र रामबली ऊर्फ राजबली यादव निवासी सरौली थाना –बक्शा जनपद–जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 46/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जनपद जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 58/2019 धारा 307 भा0द0वि0 व 7CLA एक्ट थाना पवारा,जौनपुर 3. मु0अ0सं0 59/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पवारा, जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 178/2019



धारा 302 भा0द0वि0 थाना हरैया जनपद बस्ती 5. मु0अ0सं0 241/2019 धारा 147/148/149/307/504/506 भा0द0वि0 व 3(2)5, 3(2)5क SC/ST एक्ट थाना मवई जनपद अयोध्या 6. मु0अ0सं0 271/2019 धारा 147/148/149/307/504/506 भा0द0वि0 व 3द्25 आर्म्स एक्ट थाना मवई जनपद अयोध्या 7. मु0अ0सं0 272/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मवई जनपद अयोध्या 8. मु0अ0सं0 302/2019 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना मवई जनपद अयोध्या बरामदगी का विवरण– 1. एक अवैध तमन्चा .315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली टीम– 1–उ0नि0 श्री विवेक कुमार तिवारी(ICOP धनियामऊ) थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2–उ0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना बक्शा जनपद जौनपुर 3–हे0का0 रीतम, थाना बक्शा जनपद जौनपुर।

## वर्ष 2021 में गैंगस्टर एक्ट के कुल 100 से अधिक मामलों में प्रभावी पैरवी करके अपराधियों के सम्पत्तियों को किया गया कुर्क

जौनपुर सू.वि. : संयुक्त निदेशक अभियोजन ने अवगत कराया है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा आई0सी0जे0एस0 सिस्टम के तहत प्रदेश के अभियोजन विभाग को उत्कृष्ट अभियोजन कार्य के लिए प्रथम स्थान प्राप्त होने पर नेशनल क्राईम रिकार्ड ब्यूरो (एन0सी0आर0बी0) की तरफ से "रजत आवर्णित ट्राफी" प्रदान की गयी है, जिसका आगमन आज जनपद जौनपुर में हुआ है। ट्राफी के जनपद में आने पर संयुक्त निदेशक अभियोजन जौनपुर अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा अन्य अभियोजको के साथ गर्मजोशी के साथ इसका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभियोजन अधिकारी आदि चन्द्रेश सिंह, मो0 इमरान, अंकित सिंह, यामिनी राय, मयंक सिंह आदि लोग कार्यालय में उपस्थित रहे। जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा द्वारा भी ट्राफी का स्वागत किया गया एवं अभियोजन विभाग की प्रशंसा करते हुए सभी अभियोजकों को इस गौरवपूर्ण क्षण के लिए बधाई दिया गया। उत्तर प्रदेश अभियोजन विभाग के विभागाध्यक्षध एडी0जी0 आशुतोष पाण्डेय ने ट्राफी को प्रदेश के सभी अभियोजकों की मेहनत, लगन व उत्कृष्ट कार्य का परिणाम बताते हुए उन्हें समर्पित किया है। जिले के ई–प्रासीक्यूशन के नोडल अधिकारी राजेश द्वारा बताया गया कि जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व एवं संयुक्त निदेशक अभियोजन अरुण कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जनपद के सभी अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं द्वारा अब तक ई–प्रासीक्यूशन पोर्टल के सभी स्तम्भों में लगभग एक लाख से अधिक प्रविष्टियां फीड की जा चुकी है एवं मिशन शक्ति के तहत विशेष फोकस करते हुए महिला अपराधों में अधिकतम सजा करायी गयी है। 'जनपद जौनपुर के अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं द्वारा वर्ष 2021 में हत्या एवं आपराधिक मानव वध के 21, दहेज हत्या के 16, पाक्सो एक्ट के 16, बलात्कार के 04, गैंगस्टर एक्ट के 10, एससी/एसटी एक्ट के 07, आबकारी अधिनियम के 181, आर्म्स एक्ट के 07, दहेज उन्मूलन के 07, एन0डी0पी0एस0 के 13, एम0वी0 एक्ट के 1281 मामलों में सजा कराया गया, इसके साथ ही वर्ष 2021 में गैंगस्टर एक्ट के कुल 100 से अधिक मामलों में प्रभावी पैरवी करके अपराधियों के सम्पत्तियों को कुर्क कराया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने किया जनसभा एवं जनसंपर्क

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी असीम अरुण की जनसभा और जनसंपर्क ग्राम महमूदा



पुर, चित्र पुरवा, सह दहन, बरौली, तेरा रागी, देविन पुरवा, गोवर्धनी, भवानीपुर जसोदा, फत्तेपुर और ग्राम मुसैर में मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने की। इस अवसर पर निर्भय सिंह तोमर, शिवमंगल सिंह, डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर सी एल पाल, हाजी कमरुल हसन मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अर्चना पांडे के लिए जनसंपर्क मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने किया।

## प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लिया आशीर्वाद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मलिहाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी भाजपा शासित सरकार के तहत पिछले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच



गई है। इस दौरान उन्होंने यूपी में विकास कार्यों का बखान किया और कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में विकास की धारा बही है उसी तरह सरकार भविष्य में मलिहाबाद की जनता को भी समृद्धशाली बनते देखना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में कुंवर बलवीर सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि काकोरी लल्लू यादव ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान अरुण प्रताप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश सिंह उर्फ अंजू सिंह मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी महामंत्री आशीष द्विवेदी विधानसभा संयोजक जय गोविंद अवस्थी सभासद सौरभ यादव राजेश लोधी सभासद प्रमोद शर्मा तारीफ खान पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद शर्मा मूलचंद यादव ग्राम प्रधान सिराज अहमद सहित सैकड़ों माल ब्लाक के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र में की गयी त्रुटियों को ठीक करने हेतु तिथि निर्धारित

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर हेतु को अवगत कराया जाता है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिए जारी तृतीय चरण की समय–सारिणी के अनुसार छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र में की गयी त्रुटियों को ठीक करने हेतु 11 फरवरी 2022 से 21 फरवरी 2022 तक निर्धारित की गयी है, यदि छात्र ने रिजल्ट नॉट यट डिक्लेयर्ड का आप्शन भरा है तथा वर्तमान में उसका परिणाम आ गया है ऐसे छात्र अपने डाटा को संशोधित करते हुए संशोधित 24 फरवरी 2022 तक शिक्षण संस्था में जमा करें, तथा आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थाओं द्वारा 28 फरवरी 2022 तक डिजिटली वेरिफाई/अग्रसारित किया जाना सुनिश्चित करें।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# चुनावी मौसम : विपक्ष को एक अटल की जरूरत

आप पंजाब और गोवा में एक ताकत के रूप में उभर सकती है। ममता के अलावा वही एक मात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने मोदी–शाह की जोड़ी को एक बार नहीं, बल्कि दो बार हराया है! 136 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अभी तीन राज्यों में सरकारें हैं और तीन अन्य राज्यों में वह कनिष्ठ सहयोगी है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर अब भी उसके पास बीस फीसदी वोट है।

युद्ध के मैदान में अक्सर, सेना और हथियारों के आकार से अधिक साहस, समझदार रणनीति और प्रेरक नेतृत्व काम आता है। इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं, जब साहसी नेताओं ने हार के जबड़े से जीत छीन ली। मई, 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने इसे सच साबित किया था। उनके सामने थे, मुखर वक्ता और ऊर्जा से लबरेज लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी, उनके सयाने संगठनकर्ता सहयोगी अमित शाह, जमीन पर मौजूद आरएसएस का भरपूर संसाधान तथा केंद्र सरकार की ताकत।

इससे अप्रभावित ममता ने प्लास्टर चढ़ी टांग के साथ व्हील चेयर पर बैठकर प्रचार किया और 'खेला होबे' की थीम पर अभियान चलाकर अपराजेय दिख रही मोदी–शाह की जोड़ी को परास्त कर दिया। उन्होंने मीडिया के गढ़े मिथक को ध्वस्त कर तीसरी बार जीत दर्ज की। भाजपा को हराने की महत्वाकांक्षा रखने वाले विपक्षी दल इसका अनुसरण कर सकते हैं। बशर्ते कि वे अपने मतभेदों को खत्म करें, अपने अहंकार को त्याग दें और जमीनी सच्चाई को स्वीकार करते हुए इस तर्ज पर नेतृत्व को स्वीकार करें कि, जो जीता वही सिकंदर, तभी वह भाजपा को चुनौती दे सकेंगे। आइये जरा विपक्षी दलों के नेताओं पर गौर करते हैं।

नवीन पटनायक ओडिशा के सबसे लंबा कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री हैं, और उनका पांचवा कार्यकाल चल रहा है। उनके बीजू जनता दल ने 2014 में जब मोदी ने दिल्ली की अपनी पारी शुरू की थी, राज्य की 20 में से 21 लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन 2019 में उनकी सीटें घटकर 12 रह गईं। उन्होंने पंचायत में महिलाओं के लिए पचास फीसदी आरक्षण शुरू किया और पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी की 33 फीसदी टिकटें महिलाओं को दी थी। राज्य की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी है और प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है, लेकिन ओडिशा के कई हिस्से आज भी भीषण गरीबी से जूझ रहे हैं।

76 वर्षीय नवीन पटनायक ने लंबी पारी के बावजूद खुद को ओडिशा तक सीमित रखा है। एम. के. स्टालिन ने हालांकि तमिलनाडु में राजनीतिक जगह मजबूती से बनाई है, लेकिन उनका प्रभामंडल एमजीआर या करुणानिधि या जयललिता जैसा नहीं है। आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना में चंद्रशेखर राव उभरते हुए मजबूत नेता हैं। तीनों का अपने–अपने राज्य में काफी दबदबा और राजनीतिक महत्व है, लेकिन उनमें से कोई भी राष्ट्रीय नेता नहीं है।

महाराष्ट्र के तीन बार मुख्यमंत्री रहे 81 वर्षीय शरद पवार केंद्रीय रक्षा और कृषि मंत्री भी रहे हैं। वह आज देश के वरिष्ठतम नेताओं में से हैं, जो इंदिरा गांधी के समय से राजनीति में हैं। उनके पास अनुभव है और वह मंझे हुए राजनेता हैं, लेकिन उनका समय बीत चुका है। अपने राजनीतिक करिअर के इस मोड़ पर वह किंग मेकर तो हो सकते हैं, किंग नहीं। अखिलेश यादव अपने पिता की छाया से बाहर निकल आए हैं, और अभी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनौती दे रहे हैं।

हालांकि उन्होंने तीन कैबिनेट मंत्रियों और एक दर्जन विधायकों को भाजपा से सपा में शामिल कर भाजपा नेतृत्व को बड़ा झटका दिया है, लेकिन उनके छोटे भाई की पत्नी अपर्णा यादव के भाजपा में शामिल होने से सपा का उत्साह ठंडा पड़ गया। विकास के एजेंडे को दरकिनार कर भाजपा और सपा दोनों ही अन्य पिछड़ा वर्ग की कुछ निश्चित जातियों और दलित समुदायों को लुभाने में जुटी हुई हैं। 2024 में अखिलेश की क्या भूमिका होगी, यह इस पर निर्भर होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी कैसा प्रदर्शन करती है।

बसपा सुप्रीमो मायावती असमान्य रूप से शांत हैं, शायद भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में मुकदमे की आशंकाएं उनका पीछा नहीं छोड़ रही हैं। राजधानी दिल्ली की सांविधानिक सीमाओं में बंधे होने, जहां उपराज्यपाल ही वास्तविक प्रशासनिक प्रमुख हैं, और गृह मंत्रालय द्वारा लगातार पर कतरे जाने के बावजूद अरविंद केजरीवाल अपने ढंग की राजनीति को ही आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी जनकेंद्रित नीतियों के कारण आप का एक आधार बना हुआ है। इसके अलावा, उन्हें अपनी अपील को व्यापक बनाने और अपनी हिंदू साख को रेखांकित करने के लिए भाजपा की विचारधारा का अनुसरण करने से परहेज नहीं है।

आप पंजाब और गोवा में एक ताकत के रूप में उभर सकती है। ममता के अलावा वही एक मात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने मोदी–शाह की जोड़ी को एक बार नहीं, बल्कि दो बार हराया है! 136 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अभी तीन राज्यों में सरकारें हैं और तीन अन्य राज्यों में वह कनिष्ठ सहयोगी है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर अब भी उसके पास बीस फीसदी वोट है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में आश्चर्यजनक रूप से नरेंद्र मोदी के बाद राहुल गांधी दूसरे पसंदीदा नेता के रूप में उभरे हैं।

दुर्भाग्य से, पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी पर उनके तीखे हमलों और ऊर्जावान चुनाव अभियानों ने उनकी पार्टी की मदद नहीं की है, जिसे पश्चिम बंगाल और दिल्ली के विधानसभा चुनावों में शून्य और 2019 में उत्तर प्रदेश में एक अकेली संसदीय सीट मिली। साफ है कि वह कांग्रेस का दांव जीतने वाला घोड़ा नहीं हैं। भारतीय लोकतंत्र को एक मजबूत विपक्ष की जरूरत है। सिर्फ सपने देखने से कुछ नहीं होगा। इसके लिए विपक्षी दलों को साथ आना होगा और खुद को भाजपा के विश्वसनीय विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

स्वाभाविक रूप से उन्हें एक परिपक्व, अनुभवी, कल्पनाशील और प्रेरणादायी नेता की जरूरत होगी, जो समझदार रणनीति के साथ साझा उद्देश्य को आगे बढ़ा सके। विपक्ष को एक अटल बिहारी वाजपेयी की जरूरत है! 2011 में पश्चिम बंगाल के चौंतीस वर्ष पुराने कम्युनिस्ट शासन को सत्ता से बाहर करने वाली ममता संभावित नेता हो सकती हैं। वह केंद्र में रेलवे और खनन सहित कई मंत्रालय भी संभाल चुकी हैं। वह बांग्ला और अंग्रेजी के साथ ही हिंदी बोल लेती हैं। वह राष्ट्रीय कद की नेता हैं और उनके पास प्रशासनिक अनुभव और विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए लड़ने का अदम्य हौसला है। इन सबसे ऊपर, उन्हें राहुल और केजरीवाल तक पहुंच बनानी होगी और उनका समर्थन हासिल करना होगा। क्या वह ऐसा करेंगी?

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जनता की अदालत ने बदला फैसला : सुभाष को सत्ता की चाभी सौपने का लिया प्रण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जैसे–जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। वैसे–वैसे बदलाव की बयार तेज होती जा रही है। कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष पाल को मिल रहे जन समर्थन का सैलाब वोट में तब्दील होने को बेकरार है। वहीं अन्य प्रत्याशियों के सपूडा साफ करने का जनता ने मन बना लिया है। बुधवार के दिन जब सुभाष पाल अपने दल बल के साथ बिलग्राम कस्बे में निकले तो लोगों ने फूलमालाएं लेकर उनका भव्य स्वागत करने घरों से निकल पड़े। प्रत्याशी ने खुद माला न पहनकर बदले लोगों का खुद स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनता की अदालत में जनता की क्षेत्र की दिशा व दशा तय करती है। इसलिए जनता का सम्मान सर्वोपरि है। सुभाष पाल ने कहा कि 159 विधानसभा क्षेत्र का हर वह शोषित, बेरोजगार, नवजवान, मजदूर, किसान, छात्र–छात्राएं, बेटियां, महिलाएं व आमजन की आवाज अब दुआ में तब्दील हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मेरे दर्द लोगों की दुआओं के असर से खत्म हो रहे हैं। आने वाली 23 तारीख को चुनाव निशान पंजे पर मुहर लगाकर अपना फैसला सुनाने का रही है। जनता की बदौलत मिशन 2022



जरूर पूरा होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जनता का समर्थन और विश्वास मिल रहा है वह भी ब्याज सहित कर्ज उतारने के लिए तत्पर हैं। हवाएं बता रही हैं कि अन्य प्रत्याशियों की एक जातीय एकता पर सभी वर्गों का आशीर्वाद भारी पड़ रहा है। इस मौके पर एडवोकेट व कांग्रेस नेता लालाराम शुक्ला, मुन्ना शर्मा, सुंदरलाल पटेल, अजीत यादव, मोहम्मद खालिद, परवेज अंसारी, मोहम्मद शाकिब, असलम खान, शिबू खान, सबरे आलम, राहुल गुप्ता आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दो कंटेनरों की भिड़ंत में 08 घायल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : थाना क्षेत्र के कटरा–बिल्हौर मार्ग पर बुधवार की शाम कस्बे के कटियारी डिग्री कॉलेज के पास दो कंटेनरों की हुई भिड़ंत में दोनों चालक समेत 8 लोग घायल हुए हैं।सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें एक चालक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हरियाणा प्रांत से बाइक भरकर कानपुर जा रहे कंटेनर की संडीला से आ रहे खाली कंटेनर से हरपालपुर कस्बे में बुधवार की शाम कटियारी डिग्री कॉलेज के पास आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों कंटेनर खाई में जा गिरे। कंटेनर से गंगास्थान के लिए जा रहे हरपालपुर कस्बा निवासी अजय कुमार पुत्र अमर सिंह, अड़रागऊ गांव निवासी प्रवेश पुत्र कमलेश, राजेंद्र पुत्र सोबरन, बहेलियनपुरवा गांव निवासी वेदराम पुत्र सेवाराम, मनोज पुत्र छोटे व सांडी थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी नेत्रपाल पुत्र नेकराम सहित कंटेनर चालक इटावा जिले के जसवंतनगर के कुसेना गांव निवासी प्रशांत कुमार पुत्र राधेश्याम व दूसरे कंटेनर का चालक योगेंद्र पुत्र नरेश निवासी हरदू कोतवाली बेला जनपद औरैया घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी हरपालपुर में भर्ती करवाया। जहां कंटेनर चालक चालक योगेंद्र की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों कंटेनरों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## यूपी में भाजपा के सबसे लम्बे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री होंगे योगी आदित्यनाथ : रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रजनी तिवारी के अनुसार सबसे पहले बीजेपी के कम उम्र के नेता के तौर पर मुख्यमंत्री बनने वाले योगी आदित्यनाथ ने यूपी में 05 साल सफलता से सरकार चलाने के बाद नया रिकॉर्ड कायम किया है। वह यूपी में पार्टी के सबसे लम्बे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार ने 05 साल पूरे कर रहे हैं। 19 मार्च 2017 को तत्कालीन गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे योगी आदित्यनाथ ने देश के सबसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रदेश की बागडोर संभाली थी।अपने लगभग 05 साल के कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने योजनाओं के जरिये कई उपलब्धियां हासिल की। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी में रहते हुए एक रिकॉर्ड भी कायम किया है। वह बीजेपी में पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सरकार में इतना लंबा कार्यकाल पूरा किया है.उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने 05 साल सत्ता में पूरे किए हैं। 18 मार्च 2021 को बतौर मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल के 1,460 दिन पूरे किए हैं।वैसे बाकी सभी दलों को जोड़ लें तो सबसे ज्यादा लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने की उपलब्धि कांग्रेस के नेता रहे डॉ संपूर्णानंद के पास है।लेकिन बीजेपी खेमे में यह पहला नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का है। अब तक उत्तर प्रदेश में 21 नेता राज्य की कमान संभाल चुके हैं।उत्तर प्रदेश में गोविंद बल्लभ पंत से लेकर योगी आदित्यनाथ तक यह सिलसिला जारी है। योगी आदित्यनाथ से पहले राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री रह चुके हैं और राम प्रकाश गुप्ता और



कल्याण सिंह भी मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इन तीनों मुख्यमंत्रियों ने 21 सितंबर 1997 से लेकर मार्च 2002 तक उत्तर प्रदेश की कमान संभाली। इस दौरान भाजपा के इन तीनों नेताओं को मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला लेकिन इतने लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी की तरफ से कोई अकेला मुख्यमंत्री नहीं टिक पाया।कई मायनों में योगी आदित्यनाथ ने और रिकॉर्ड कायम किए हैं। पार्टी में लगातार बढ़ता जा रहा है कदः जानकार बताते हैं कि योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के बीजेपी के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री भी हैं। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ इकलौते ऐसे मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन्हे पार्टी संगठन की तरफ से अलग–अलग राज्यों में चुनाव प्रचार का जिम्मा सौंपा गया।बीजेपी संगठन के जानकार ये बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीजेपी को हिंदुत्व की आक्रामक राजनीति के नए पोस्टर ब्वॉय की तरह हर चुनावी प्रचार के जरिये को फायदा पहुंचाते रहे है। लिहाजा पार्टी के भीतर योगी का कद बढ़ता जा रहा है।

## बसपा प्रमुख मायावती की जनसभा में उमड़ा भारी जन सैलाब

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश में आम चुनाव चल रहे हैं जिसमें 23 फरवरी को चौथे चरण का मतदान होना है इसी क्रम में बसपा प्रमुख सुश्री मायावती जी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने आज लखनऊ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थी जिसमें पार्क में कार्यकर्ताओं से भरा जनसैलाब देखकर बसपा सुप्रीमो गदगद हुई उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को विधानसभा के आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने एवं विपक्षियों द्वारा सारे हथकंडे अपना आएगी ऐसे लोगों पर खड़ी करने की जरूरत है आप लोग एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में 403 सीटों पर प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी के उतरे हैं आप सभी लोग अपना एक–एक वोट बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के खाते में डालें जिससे आप की पांचवीं बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार बन सके बसपा प्रमुख ने जनसभा में विपक्षियों पर भी तंज कसे उक्त कार्यक्रम में हरदोई जनपद से 8 प्रत्याशियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया हरदोई जनपद सवायजपुर से प्रत्याशी डॉ राहुल तिवारी शाहाबाद से अहिबरन सिंह लोधी हरदोई सदर से शोभित



पाठक सांडी से कमल वर्मा गोपामऊ से सर्वेश जनसेवा बालामऊ से तिलक चंद पासी बिलग्राम मल्लावां से सतीश वर्मा संडीला से अब्दुल मन्नान अपने कार्यकर्ताओं के साथ उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष हरदोई रणधीर बहादुर सेक्टर प्रभारी सूर्यकांत निराला सेक्टर प्रभारी राम अवतार नगर सेक्टर प्रभारी अमर सिंह सेक्टर प्रभारी राजपाल गौतम जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर सत्यपाल सिंह विधानसभा शाहाबाद कमेटी मित्रपाल कालीचरण राजपूत लालता प्रसाद छोटेलाल आदित्य गौतम उदय प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

## आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारा, न्याय युक्त व भेदभाव रहित समाज ही राम राज्य है और रामराज्य ही समाजवाद हैः अशोक कुमार तिवारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सपा नेता व सनातन धर्म परिषद के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हो रहा चुनाव लोकतंत्र व संविधान बचाने का चुनाव है जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा किए जा रहे संघर्ष में प्रदेश की जनता बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही है और सड़कों पर उतर चुकी है जिसकी झलक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुए 2 चरण के मतदान में साफ तौर पर दिखाई दे रही है जिसकी रफ्तार आखिरी चरण के मतदान तक और तेज दिखाई देगी। 10 मार्च के बाद उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होकर रहेगा। भारी बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार व अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनते ही प्रदेश में आम जनता की लोकतांत्रिक सरकार होगी जिसे सही मायने में हम



रामराज्य कह सकते हैं। क्योंकि आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारा, न्याय युक्त व भेदभाव रहित समाज ही राम राज्य है और रामराज्य ही समाजवाद है।

## सामाजिक संगठनों द्वारा भाजपा प्रत्याशी अंजनी श्रीवास्तव का किया गया सम्मान

मृत्युन्जय प्रताप सिंह :लखनऊ। राजधानी की पश्चिम विधानसभा में अखिल भारतीय साहित्य परिषद व सामाजिक संगठनों ने भाजपा प्रत्याशी अंजनी कुमार श्रीवास्तव का सम्मान किया। यहां बताते चलें कि भाजपा ने पश्चिम विधानसभा से अंजनी कुमार श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया है। उपरोक्त कार्यक्रम में सामूहिक रूप से प्रत्याशी के विजय दिलाने के लिए सामुहिक प्रस्ताव पारित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शिवाजी पुरम में वरिष्ठ साहित्यकार हरि अग्रवाल के आवास पर अनूप शुक्ला निश्चल के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शरद सिंह शरद ने की। मुख्य अतिथि के रुप में सत्यदेव द्विवेदी, जमुना बक्स सिंह उपस्थित







रहे। कार्यक्रम का आयोजन शरद मिश्र सिंधु सहित विभिन्न साहित्यिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं कवि गणों द्वारा किया गया।

## अचानक स्लैब टूटने से कुएं में गिरीं महिलाएं और बच्चियां : 13 की मौत : सीएम ने जताया शोक

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के नौरंगिया में मटकोड़ करने गई महिलाओं के साथ दर्जनों किशोरियां व बच्चे लौटते समय कुएं में गिर गए। इस दर्दनाक हादसे में 13 की मौत हो गयी है। जिला अस्पताल पर रात में इतनी भीड़ जुट गयी कि कर्मचारी नाम–पता तक नहीं दर्ज पाया। सभी शव मोर्चरी भेज दिए गए। शेष को नेबुआ नौरंगिया सीएचसी पर इलाज के बाद घर भेजा गया। सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने बताया कि 11 शव जिला अस्पताल पहुंचे थे और दो और शवों के आने की सूचना है। थानाक्षेत्र के नौरंगिया के स्कूल टोला निवासी परमेश्वर कुशवाहा के पुत्र की बृहस्पतिवार को शादी है। वैवाहिक रस्म के क्रम में महिलाएं हल्दी की रस्म अदायगी के दौरान गांव में बाहर मटकोर करने गई थीं और उनके साथ बच्चे भी गए थे। लौटते समय रात हो गयी। रास्ते में भीड़ अधिक थी। महिलाएं और किशोरियां नाचते गाते हुए लौट रही थीं। दो–तीन बच्चे भी थे। गांव में आने का रास्ता संकरा है और किनारे गहरा कुआं है। इस पर बीस साल पहले स्लैब पड़ी थी। जगह न मिलने से कुछ बच्चे व महिलाएं कुएं पर चढ़ गए। अचानक स्लैब टूट गया और कई लोग कुएं में गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से कुएं में पंप लगवाया। पानी निकालने के साथ गिरे लोगों को निकालने का सिलसिला शुरू हुआ। कुएं में 23 लोग गिरे थे। सभी को निकट के अस्पताल भेजा गया। इनमें 13 की हालत गंभीर देख कर जिला अस्पताल भेजा गया। इन सभी को देखने के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भीड़ इतनी अधिक जुट गयी थी कि कर्मचारी पहचान हुए बगैर सभी शवों को मोर्चरी भेज दिया। पीएम मोदी ने जताई गहरी संवेदना पीएम मोदी ने कुशीनगर हादसे में जाान गंवाने वाले पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। उन्होंने कहा, 'उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में हुआ हादसा हृदयविदारक है। इसमें जिन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन हर संभव मदद में जुटा है।' सीएम ने दुर्घटना पर शोक जताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में कुएं में गिरने की दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर बचाव व राहत कार्य संचालित करने तथा हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। हादसे में इनकी हुई मौत परी (01) पुत्री राजेश चौरसिया ,आरती (10) पुत्री इंद्रजीत चौरसिया ,शशिकला (15) पुत्री मोहन चौरसिया ,पूजा (15) पुत्री बलवंत यादव ,सुंदरी (15) पुत्री प्रमोद कुशवाहा ,ज्योति (15) पुत्री रामबराई चौरसिया ,राधिका (16) पुत्री महेश कुशवाहा ,पूजा (20) पुत्री रामबराई चौरसिया ,मीरा (25) पुत्री सुग्रीव विश्वकर्मा ,शकुंतला देवी (35) पत्नी भोला चौरसिया ,ममता देवी (35) पत्नी रमेश चौरसिया ,दो की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख की आर्थिक सहायताडीएम राजलिंगम ने कहा कि नेबुआ नौरंगिया में हुए हादसे में मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। रेस्क्यू आपरेशन में जिनकी भी लापरवाही समाने आएगी, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हाईकोर्ट का अहम फैसला : ड्राइविंग लाइसेंस नकली होने के बावजूद बीमा कंपनी भुगतान से नहीं बच सकती

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मोटर दुर्घटना दावा के मामले में कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस नकली होने के आधार पर बीमा कंपनी देयों के भुगतान से बच नहीं सकती है। बीमा कंपनी को सभी देयों का भुगतान करना होगा। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम लेहरू व अन्य में 2003 में दिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि नियोक्ता से यह उम्मीद नहीं होती कि वह रोजगार के समय जारीकर्ता प्राधिकरण से ड्राइविंग लाइसेंस की वास्तविकता सत्यापित करेगा। मामले में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण गाजियाबाद के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। प्राधिकरण ने मृतक को छह फीसदी ब्याज के साथ 12 लाख, 70 हजार, 406 रुपये की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया था। याची (बीमा कंपनी) ने यह दावा किया कि यह रिकॉर्ड में है कि दुर्घटना ट्रक चालक की लापरवाही से हुई थी। हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी के तर्कों को किया दरकिनार ट्रक का मालिकाना बीमाधारक के पास था। उन्होंने तर्क दिया कि दुर्घटना के समय चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी पर मुआवजे के भुगतान की देनदारी तय करने में गलती की है। लेकिन, कोर्ट ने बीमा कंपनी के तर्कों को दरकिनार कर दिया। कहा कि यदि बीमाधारक ने लाइसेंस की वास्तविकता या अन्यथा सत्यापित करने के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी नहीं बरती तब भी दायित्व का विकल्प मौजूद होगा। न्यायाकरण के फैसले में कोई गड़बड़ी नहीं– हाईकोर्ट कोर्ट ने कहा कि बीमा कंपनी ने ड्राइविंग लाइसेंस की जांच कराई। जांचकर्ता अरविंद कुमार मिश्रा की रिपोर्ट के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस नकली पाया गया था। हालांकि उन्होंने अपनी रिपोर्ट की सामग्री को साबित करने के लिए उनसे कोई आधार नहीं दिया। रिपोर्ट डीलिंग असिस्टेंट के अवलोकन पर आधारित है। जबकि डीलिंग असिस्टेंट के बारे में कोई जानकारी जिला परिवहन अधिकारी मुजफ्फरपुर के कार्यालय में नहीं जुटाई गई कि जिससे यह साबित हो सके कि लाइसेंस नकली या अमान्य था। हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी द्वारा दायर अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि ऐसी परिस्थितियों में यह नहीं कहा जा सकता है कि नियोक्ता ने एक ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करने में गलती की है, जिसका लाइसेंस बीमा कंपनी ने न्यायाधिकरण के समक्ष फर्जी पाया है। इसलिए न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए फैसले में कोई गड़बड़ी नहीं नजर आ रही है।

# थाना खुटहन पुलिस ने ग्राम पटैला में हुई मारपीट की घटना से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अगामी विधान सभा चुनाव 2022 की शांति व्यवस्था एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार दुबे थाना खुटहन जौनपुर के पर्यवेक्षण में उ0नि0 रामभवन यादव , उ0नि0 राजित राम यादव व हे0का0 मनोज कुमार के द्वारा मु0अ0सं0 43/22 धारा 147/323/504/506/435 भादवि के वांछित अभियुक्त 1. राममिलन मौर्या पुत्र हंसराज मौर्या 2. रामसूरत मौर्या पुत्र हंसराज मौर्या निवासी गण पटैला थाना खुटहन जनपद जौनपुर को दिनांक 16.02.2022 समय को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।" गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1. राममिलन मौर्या पुत्र हंसराज मौर्या (एचएस पटैला थाना खुटहन ) 2.रामसूरत मौर्या पुत्र हंसराज मौर्या निवासी गण पटैला थाना खुटहन जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास 1. मु0अ0सं0 43/2022 धारा 147/148/323/504/506/308 भादवि विरूद्ध 1. राममिलन मौर्या पुत्र हंसराज मौर्या 2. रामसूरत मौर्या पुत्र हंसराज मौर्या निवासी गण पटैला थाना खुटहन जनपद जौनपुर 2. मु0अ0सं0 428/12 धारा 147/148/149/323/324/504/506 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध रामसूरत मौर्या उपरोक्त। 3. मु0अ0सं0 6258/07 धारा 147/307/323/504/506 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त। 4. मु0अ0सं0 830/08 धारा 420/467/468/471 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त । 5. मु0अ0सं0 665/15 धारा 147/148/395/353/307/332/323 भादवि व 127लोक प्रतिनिधित्व अधि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त। 6. मु0अ0सं0 458/16 धारा



143/186/283/341/504 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त। 7. मु0अ0सं0 467/16 धारा 143/147/149/152/186/188/336/34/504/506/427 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त। 8. मु0अ0सं0 213/17 धारा 323/386/ 504/506 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त। 9. मु0अ0सं0 637/17 धारा 147/148/323/336/504/506 भादवि व 7 सीएल ए एक्ट व 3(1) 10 एस एसटी एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त । 10.मु0अ0सं0 123/18 धारा 434 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त । 11. मु0अ0सं0 157/18 धारा 3/5 सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति निवारण अधि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त । 12. मु0अ0सं0 211/21 धारा 147/352/353/504 भादवि व 3(2)5 ए एसी एसटी एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर विरुद्ध राममिलन उपरोक्त। गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1. उ0नि0 रामभवन यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 राजितराम यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर । 3. हे0का0 मनोज कुमार थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

# थाना मछलीशहर एसएसटी टीम नें 20 बोलत अवैध शराब करीब 9 लीटर के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान व आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के शांति व्यवस्था के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 15.02. 2022 को मछलीशहर चुनाव ड्यूटी में लगे SST II मजिस्ट्रेट श्री ललित चन्द्र, उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय, हे0का0 बृजनाथ यादव, का0 अंशुमान यादव, कैमरामैन राहुल कन्नौजिया द्वारा मीरपुर तिराहा पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान कार नं0 MH04CY 7000 से कुल 20 बोतल अलग अलग ब्राण्ड के शराब बरामद किया गया तथा बरामदगी के आधार पर दो नफर अभियुक्तगण 1. राहुल यादव उर्फ बन्टी यादव पुत्र स्व0 शिवशंकर यादव निवासी जमालपुर(घोरहा) थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर 2. अरविन्द यादव पुत्र अम्बिका प्रसाद यादव निवासी जमालपुर (घोरहा) थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को 20.05 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया तथा वाहन उपरोक्त को एम0वी0 एक्ट के अन्तर्गत सीज किया गया । उक्त बरामदगी व गिर0 के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 54/2022 धारा 60



आबकारी अधि0 पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है । नाम पता अभियुक्तगण– 1. राहुल यादव उर्फ बन्टी यादव पुत्र स्व0 शिवशंकर यादव निवासी जमालपुर(घोरहा) थाना मछलीशहर जौनपुर 2. अरविन्द यादव पुत्र अम्बिका प्रसाद यादव निवासी जमालपुर (घोरहा) थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर बरामदगी– 1. अलग अलग ब्राण्ड के कुल 20 बोलत शराब जिसमें से 375 एम0एल0 के 16 बोलत तथा 750 एम0एल0 के 4 बोतल शराब है, जिसकी मात्रा करीब 9 लीटर है। गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. एसएसटी द्वितीय मजिस्ट्रेट श्री ललित चन्द्र 2.एसएसटी द्वितीय कैमरामैन राहुल कन्नौजिया 3. उ.नि. श्री धनन्जय कुमार राय, HC बृजनाथ यादव, का0 अंशुमान यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर ।

# बरात में नाचने के चक्कर में मारपीट : दूल्हे के चाचा की मौत : दुल्हन ने दर्ज कराया आठ पर मुकदमा

गाजीपुर ब्यूरो : बरात में नाचने के चक्कर में हुई मारपीट में दूल्हे के चाचा की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। वधू ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। घटना गाजीपुर के एक गांव की है। भांवरकोल थाना क्षेत्र के कुंडेसर गांव निवासी सत्येंद्र राम की शादी गहमर कोतवाली के अईठी–गोईठी हरिजन बस्ती निवासी भूसी राम की पुत्री सुमन से तय थी। मंगलवार की देर शाम बरात अईठी–गोईठी स्थित बस्ती पहुंची। घरातियों द्वारा आवभगत के बाद बराती नाचते हुए वधू पक्ष के दरवाजे की ओर जा रहे थे। रास्ते में ही गांव के कुछ मनबढ़ युवक बरात में घुसकर नाचने लगे और नर्तकी से अभद्रता करने लगे। इस पर बरातियों एवं मनबढ़ युवकों में कहासुनी होने लगी। लाठी– डंडे से बरातियों पर हमला गांव के युवकों ने लाठी– डंडे से बरातियों पर हमला बोल दिया। दूल्हे के चाचा नंदलाल राम (55) सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भदौरा सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने नंदलाल राम को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल लोगों के प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें अपने साथ लेते गए। तनाव को देखते हुए पुलिस की निगरानी में किसी तरह शादी कराई गई। नव विवाहित सुमन ने गांव के आठ लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। दुल्हन ने घर पर ही पुलिस को दी थी तहरीर गहमर कोतवाली के अईठी– गोईठी हरिजन बस्ती में घराती द्वार पूजा और



जयमाल के बाद रात करीब एक बजे विवाह संपन्न कराने के लिए तैयारियों में जुटे थे। इधर कुछ दूरी पर डीजे के धून पर कुछ बाराती और नर्तकी के साथ नाच रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ मनबढ़ पहुंचे और नर्तकी के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। जब दुल्हे के चाचा कुंडेसर निवासी नंदलाल राम ने ऐसा करने से मना किया तो उन्हें मार–पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात की जानकारी होते ही घरातियों एवं बरातियों में कोहराम मच गया। दोनों परिवारों की खुशियां काफूर हो गई। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुल्हन सुमन ने देर रात घर पर ही सात नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दिया। घटना के दूसरे दिन बुधवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इस संबंध में कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन बताया कि दुल्हन द्वारा रात में ही घर पर तहरीर दे दिया गया था। मुकदमा दर्जकर आरोपियों को दबोचने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा ही है।

## जनपद में नामित प्रेक्षकगण तथा उनके साथ लाइजनिंग हेतु लगाये गये लाईजन अधिकारियों के नाम व नम्बर

जौनपुर सू.वि. : उप जिलानिर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश द्वारा अवगत कराया है कि कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 से संबंधित समस्त कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 03 व्यय प्रेक्षक, 09 सामान्य प्रेक्षक एवं 01 पुलिस प्रेक्षक नामित किये गये हैं जिनका जनपद में आगमन दिनांक 15.02.2022 से प्रारम्भ हो रहा है। जनपद हेतु नामित प्रेक्षकगण तथा उनके साथ लाइजनिंग हेतु लगाये गये लाईजन अधिकारियों के नाम,पदनाम,मोबाइल नम्बर निम्नवत् हैः–

विधानसभा मुंगरा बादशाहपुर के प्रेक्षक टी आनंद आईएएस 2009 लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस लाइन बाजार जौनपुर के कक्ष संख्या सरस्वती में रुके हैं, जिनका मोबाइल नंबर 7317628904 है, जिनके लाइजनिंग ऑफिसर जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी है जिनका मोबाइल नंबर 93 35 1196 22 है। जौनपुर के प्रेक्षक हिमाशु कौशिक आईएएस 2018 लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस लाइन बाजार जौनपुर कक्ष संख्या सई में हैं जिनका मोबाइल नंबर 73 1762 8954 है,जिनके लाइजन ऑफिसर असिस्टेंट कमिश्नर वाणिज्य कर राजेश कुमार द्विवेदी है जिनका मोबाइल नंबर 94 50 7473 62 है

विधानसभा क्षेत्र मछली शहर के प्रेक्षक अजीत कुमार रंजन आईएएस 2015 लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस लाइन बाजार जौनपुर में रुके हैं जिनका मोबाइल नंबर 7317628969 जिनके लाइजन ऑफिसर असिस्टेंट कमिश्नर अमित कुमार सिंह है जिनका मोबाइल नंबर 7235003360 हैं

विधासभा मडियांहु के प्रेक्षक मेघु बरैक है जो लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस लाइन बाजार जौनपुर के कक्ष संख्या नर्मदा में रूके हैं जिनका मोबाइल नंबर 7317628973 है जिनके जिनके लाइजन ऑफिसर अरविंद कुमार है जिनका मोबाइन नम्बर 7235003683 है।

विधानसभा जफराबाद के प्रेक्षक सचिन राना आइएस 2014 लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस लाइन बाजार जौनपुर में रूके है जिनका मोबाइल नंबर 731762 95 89 है जिनके लाइजन ऑफिसर अरविंद कुमार राय सहायक अभियंता सेतु निर्माण इकाई जौनपुर है जिनका मोबाइल नंबर 8765 9732 88 है।

विधानसभा केराकत के माननीय परीक्षक श्री धीरेंद्र आइएएस 2012 है जो गेस्ट हाउस वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के कक्ष संख्या 3 में रुके हैं जिनका मोबाइल नंबर 73 1762 9595 है जिनके लाइजनिंग ऑफिसर सहायक अभियंता सेतु निर्माण इकाई जौनपुर जीपीएन सिंह है जिनका मोबाइल नंबर 87 65 97 3287 है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बदलापुर के प्रेक्षक अजय नाथ झा आईएएस 2012 गेस्ट हाउस वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कक्ष संख्या 4 में रूके हैं जिनका मोबाइल नंबर 7317629619 है जिनके लाइजनिंग ऑफिसर सहायक अभियंता सेतू निर्माण इकाई जौनपुर रामचंद्र प्रसाद है जिनका मोबाइल नंबर 9795 02 25 434 ह

विधानसभा शाहगंज की प्रेक्षक एसपी भगोरा आईएएस 2013 गेस्ट हाउस वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के कक्ष संख्या 5 में रुके हैं इनका मोबाइल नंबर 7317 6296 85 है जिनके लाइजनिंग ऑफिसर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरदेव कुशवाहा है इनका मोबाइल नंबर 94 1597 3364 है ।

विधानसभा मल्हनी के प्रेक्षक श्री पवित्र मंडल आइएएस 2008 लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस लाइन बाजार जौनपुर का कक्ष संख्या यमुना में रुके हैं जिनका मोबाइल नंबर 7317 6295 82 है जिनके लाइजनिंग ऑफिस खाद्य सुरक्षा अधिकारी अधिकारी राजेश मौर्य ह ।

विधानसभा बदलापुर,शाहगंज, जौनपुर के व्यय प्रेक्षक वीके सिन्हा आइआरएस 2008 गेस्ट हाउस वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में रूके है जिनके लाइजनिंग ऑफिसर संजय कुमार गिरी है जिनका मोबाइल नं 7235003443 है। विधानसभा मल्हनी, मुगराबादशाहपुर, के व्यय प्रेक्षक देव कुमार आइसीएएस 2008 गेस्ट हाउस वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रूके है जिनके लाइजनिंग ऑफिसर ज्योति स्वरूप है जिनका मोबाइल नम्बर 7235003500 है । मछलीशहर, मडियाहू जफराबाद, केराकत के व्यय प्रेक्षक श्री विनय जी एम आइआरएस 2014 गेस्ट हाउस वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में रूके है जिनका मोबाइल न 7317629022 है जिनके लाइजनिंग ऑफिसर विपिन कुमार सोनकर है जिनका मोबाइल न 7235003454 है। जौनपुर के पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार प्रथम आइपीएस 1989 है, पुलिस लाइन के गेस्ट हाउस में रूके है जिनके लाइजनिंग ऑफिसर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील द्विवेदी है जिनका मोबाइल न 9453321130 है ।

## मतदाता जागरूकता रैली के साथ हुए कई आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बेसिक कोर्स फॉर रोवर/रेंजर्स लीडर्स प्रशिक्षण शिविर में 16 फरवरी को संगठन की संरचना, पद एवं दायित्व, कर्तव्य, मूल्यांकन के पैमाने, शिष्टाचार आदि विषयों पर व्याख्यान एवं टेंट पूल का निर्माण, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली एवं भ्रमण/हाईक आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया



गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सायंकाल ग्रैंड कैम्प फायर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार कुलसचिव पूर्वांचल विवि और कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार राय वित्त अधिकारी करेंगे। सयोजक रोवर्सध्रेंजर्स डॉ. जगदेव ने कहा कि विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों से आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर और जौनपुर जनपद के लगभग 60 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकायें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। इस अवसर पर लीडर ट्रेनर श्री प्रदीप गुप्ता, डॉ. शफीउज्जमा, बेबी खुशनुमा, कविता पाण्डेय, हीरालाल यादव (सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त) आजमगढ़ मण्डल, डॉ. अमरजीत, डॉ. मनोज कुमार तिवारी, अंजनी तिवारी और डॉ. आर.के.जैन अनिल कुमारआदि उपस्थित रहें।

# मतदाता जागरूकता को लेकर समान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड करंजकला में मतदाता जागरूकता को लेकर समान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित किया गया जिसमें प्रथम वीरेंद्र सिंह यादव प्यारेपुर,द्वितीय विलसन कुमार पी एस चौकी धरसन ,तृतीय दीपक पीएस बबरखा,ने पुरुस्कार जीता । परीक्षाको सकुशल सम्पन्न कराने में खंड शिक्षा अधिकारी करंजाकला सुनील कुमार,शैलेन्द्र पाल, मो0हाशिम, मनोज सिंह,संजीव अस्थाना,निरंजन यादव,स्वतंत्र पटेल,भावना श्रीवास्तव, फूलकली,दिलीप सिंह आदि लोगो की देख रेख में व मूल्यांकन किया गया।

# विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु प्रत्याशियों ने किया नामांकन पत्र दाखिल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 364–विधानसभा बदलापुर निर्वाचन क्षेत्र से कुल 05 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी आरती सिंह के द्वारा दो सेट में , भारतीय धर्म निरपेक्ष पार्टी की प्रत्याशी सुषमा मिश्रा के द्वारा दो सेट में , हम सब की पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह के द्वारा एक सेट में, राष्ट्रीय समाज पक्ष के प्रत्याशी सीमा जायसवाल द्वारा 01 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 364–विधानसभा बदलापुर से 03 प्रत्याशियों नामांकन पत्र क्रय किये गये। 365–शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 08 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया, जिसमें जितेंद्र कुमार के द्वारा एक सेट में, बीएसपी के प्रत्याशी इंद्रदेव द्वारा एक सेट मे, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी विनोद कुमार के द्वारा दो सेट में ,निषाद पार्टी के प्रत्याशी रमेश सिंह के द्वारा दो सेट में ,इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी परवेज आलम भुट्टो के द्वारा एक सेट में, स्वच्छ स्वस्थ्य स्वावलंबन पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद कुमार के द्वारा एक सेट में, ए आई एम ए आई एम के प्रत्याशी नायब अहमद खान के द्वारा एक सेट में , आपकी अपनी पार्टी (पीपल्स) के प्रत्याशी सुरेश राजभर के द्वारा एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 365–शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशियों द्वारा 08 नामांकन पत्र क्रय किये गये। 366–सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 08 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया, जिसमें पीपुल पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी मिठाई लाल के द्वारा एक सेट में, हिंदुस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रत्याशी राधा कृष्ण पाल के द्वारा एक सेट में, राष्ट्रवादी विकास पार्टी के प्रत्याशी आशीष कुमार श्रीवास्तव के द्वारा दो सेट में, जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी विवेक कुमार मौर्य के द्वारा एक सेट में, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी विनोद कुमार वत्स के द्वारा 02 सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी रामकेश यादव के द्वारा 01 सेट में, बीएसपी के प्रत्याशी सलीम खान के द्वारा 02 सेट में, निर्दल प्रत्याशी विजय प्रजापति के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया 366–सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 367–मल्हनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये, जिसमे भारत स्वाभिमान पार्टी के प्रत्याशी राहुल सिंह के द्वारा एक सेट में, राइट टु रिकाल पार्टी के प्रत्याशी रामसकल गौतम द्वारा 01 सेट में, जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी धनंजय सिंह के द्वारा 02 सेट में एवं बीएसपी के प्रत्याशी शैलेन्द यादव द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया गया। 367–मल्हनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये जिसमें बीजेपी के प्रत्याशी अजय शंकर दुबे द्वारा 03 सेट में , बीएसपी के प्रत्याशी दिनेश शुक्ला द्वारा 02 सेट में, मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी सुशील कुमार शर्मा के द्वारा एक सेट में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा दो सेट में, समाज परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी नीलम कुमार के द्वारा एक सेट में, शिवसेना



पार्टी के प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा दो सेट में, जेडीयू के प्रत्याशी राकेश कुमार के द्वारा एक सेट में, भारतीय धर्मनिरपेक्ष पार्टी के प्रत्याशी वेकंटेश बहादुर के द्वारा एक सेट में, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश बिंद के द्वारा एक सेट में, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र कुमार के द्वारा एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। गया। 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 08 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 369–मछलीशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, जिसमे बीजेपी के प्रत्याशी मेहीलाल द्वारा 02 सेट में , पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रत्याशी पलकधारी द्वारा एक सेट में, बसपा के प्रत्याशी विजय कुमार द्वारा एक सेट में, आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सत्य प्रकाश के द्वारा एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 369–मछलीशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 09 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 370–मड़ियाहूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये, जिसमे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी मीरा ने 02 सेट में, लोग पार्टी के प्रत्याशी सतीश कुमार द्वारा 01 सेट में, विकासशील इन्सान पार्टी के अशोक कुमार ने 01 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया । 370–मड़ियाहूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र क्रय किये गये। 371–जफराबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये, जिसमे निर्दल प्रत्याशी रिजवान अहमद के द्वारा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी लक्ष्मी नागर ने 01 सेट में, जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी ब्रजेश कुमार के द्वारा एक सेट में, राष्ट्रीय समाज पक्ष के प्रत्याशी अखिलेश पाल के द्वारा 01 सेट में में नामांकन दाखिल किया गया। जफराबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 नामांकन पत्र क्रय किये गये। 372–केराकत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, बीजेपी के प्रत्याशी दिनेश चौधरी ने 2 सीट में अपना नामांकन द्वारा 03 सेट में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राजेश गौतम के द्वारा दो सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी रवि प्रकाश सोनकर के द्वारा एक सेट में, प्रगतिशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी पप्पू भारती द्वारा दो सेट में, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लाल बहादुर सिद्धार्थ के द्वारा दो सेट मे, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी संजय प्रसाद के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया गया। आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के तीसरे कार्य दिवस में नामांकन पत्र राजनैतिक गैर राजनैतिक दलों द्वारा दाखिल किए गये।

# खजनी के विभिन्न बाजारों में नकली नोट मिलने से लोगो को बढ़ी परेशानी : पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमार : समाचार विक्रेता व नटिनी गांव निवासी हेमंत तिवारी ने बताया कि कई लोगो से मासिक वसूली के दौरान 100 के नकली नोट मिला। नकली नोट की जानकारी उन्हें तत्काल नहीं हो पाई ।वे जब बैंक में रुपया जमा करने पहुंचे तब नकली नोट की जानकारी हुई ।इनके अलावा रकौली निवासी दुकानदार अनूप गुप्ता व खजूरी निवासी राम खेस मौर्या ने भी नकली नोट न पहचानने से ठगे गए है। क्षेत्र के महिलाओं और गरीब तबके के लोगों को नकली नोट देकर उसे बाजार में धड़ल्ले से चलाए जाने की आशंका बताई जा रही है। आलम यह है कि अब दुकानदार भी सौ के नोटों को देखकर ले रहे हैं ।इस संबंध में हेमंत तिवारी




ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है ।इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने बताया कहना है नकली नोटों के प्रचलन की जानकारी नहीं थी ।इसमें संलिप्त लोगो की निगरानी कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# धर्मापुर व मुफ्तीगंज के परिषदीय शिक्षकों के बीच खेला गया मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी सात मार्च को होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए चुनाव आयोग का मतदाता जागरूकता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से मुफ्तीगंज व धर्मापुर के शिक्षकों के बीच धर्मापुर स्थित धर्म कांटा के पीछे ग्राउंड पर क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ जिसमें मुफ्तीगंज टीम विजयी रही। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए धर्मापुर टीम निर्धारित बारह ओभर तक खेल नहीं पायी और 48 रन के स्कोर पर पूरी टीम आल आउट हो गयी। जबाब में मुफ्तीगंज टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 10 वे ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मैच में 4 विकेट लेने धर्मापुर के अजय यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर जयकुमार यादव ने वहां उपस्थित सभी खिलाड़ियों व दर्शकों से मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह हमारा संवैधानिक अधिकार है, खंड शिक्षा अधिकारी मुफ्तीगंज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार–जीत से भी महत्वपूर्ण है खेल भावना। साथ उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आह्वान किया कि लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना भी हमारा नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मुफ्तीगंज अध्यक्ष सतीश पाठक, रामदुलार यादव व जिला उपाध्यक्ष



राजेश सिंह, पीएसपीए के जिला मंत्री विकास सिंह, प्रेमनाथ यादव, स्वतंत्र कुमार, मनोज सिंह,समीर गुप्ता, कमलेश यादव,महेंद्र यादव,आशीष ,जितेंद्र यादव ,राजेश यादव, संजय राय, प्रमोद मिश्र,नितेश पाठक,हवलदार राम आदि उपस्थित रहे।

# राम नगरी अयोध्या में 18 फरवरी को रहेगे जे पी नड्डा व संजय निषाद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूत्र के मुताबिक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद 18 फरवरी को अयोध्या जिले में रहेंगे।इस मौके पर जहाँ एक ओर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा राम नारी अयोध्या,मिल्कीपुर,रुदौली में जनसभा को सम्बोधित करेंगे,वही डॉक्टर संजय निषाद गोशाईगंज में जनसभा में भाजपा कैंडिडेट के समर्थन में संबोधान करेंगे।वही तैयारियां पूरी करने के लिये कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है।इस संबंध में महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने संयुक्त रुप से बताया कि 18 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आगमन अयोध्या जनपद में होगा।जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गईं है।वही इसी कड़ी में सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गईं है।अयोध्या विधानसभा के फतेहगंज स्थित क्षत्रिय बोर्डिंग में 10 बजे, मिल्कीपुर विधानसभा के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज अमानीगंज के मैदान में दोपहर 12 बजे व रुदौली विधानसभा के जखरा मठ्ठा नेवादा 2 बजे उनकी विशाल जनसभा का आयोजन है।वहीं जिला महामंत्री भाजपा राघवेन्द्र पांडेय ने बताया कि 18 फरवरी को 12 बजे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद गोसाईगंज विधानसभा के परशुराम महाविद्यालय तारुन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।जिसके लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गईं हैं।

# जिलाधिकारी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी नितीश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत विधानसभा अयोध्या के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। विधानसभा बीकापुर के मतदेय स्थल कम्पोजिट विद्यालय खिरौनी सोहावल के बूथ संख्या 135 व 136 में बनाये गये बूथों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यालय में शौचालय, साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने साल्हेपुर निमैचा शिक्षा क्षेत्र सोहावल में बूथ संख्या 108, 109 व 110 का निरीक्षण किया तथा पंजिका रजिस्टर में अध्यापकों के उपस्थिति का भी जायजा लिया, जिसमें एक शिक्षा मित्र उपस्थित तथा 6 अध्यापक अनुपस्थित पाये गये। उक्त मतदान केन्द्रों के समस्त बूथों पर मतदान को सकुशल निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्बंधी शेष समस्त तैयारियों को भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# मंडलायुक्त ने शांति पूर्वक ढंग से मतदान सम्पन्न कराने हेतु किया समीक्षा बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंडलायुक्त नवदीप रिणवा द्वारा मण्डल के पांचों जनपदों के कार्यालय कक्ष के जनपदों में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु हल्के वाहनों की उपलब्धता की समीक्षा की गयी।जिसमें अयोध्या,अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, बाराबंकी एवं अमेठी के सम्बंधित अधिकारियों ने भाग लिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि इसके अतिरिक्त मण्डल के जनपदों में शासकीय वाहन जनपद अयोध्या में 70, अम्बेडकरनगर में 35, सुल्तानपुर में 68, बाराबंकी में 54 व अमेठी में 24 इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार परिवहन विभाग के अधिकारीध्सम्भागीय परिवहन अधिकारी का नियमानुसार चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये प्राईवेट वाहनों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जनपद अयोध्या मे 736, अम्बेडकरनगर में 1033, सुल्तानपुर में 769, बाराबंकी में 793 एवं अमेठी में 427 वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। विस्तृत जानकारी अपर आयुक्त प्रशासन श्री शिवपूजन द्वारा दिया गया।मंडलायुक्त श्री नवदीप रिणवा ने विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए जनपदों में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश मंडल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिलों में तलाशी अभियान को तेज कर दिया जाए साथ ही बॉर्डर एवं जनपद के भीतर हर जगह सघन तलाशी अभियान चलाया जाए।

# शांति पूर्वक ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गठित जिला मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण (एम0सी0एम0सी0) जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित की गयी।इस समिति में पांचों विधानसभा के निर्वाचन अधिकारियों के अलावा अपर जिलाधिकारी नगर, उप सूचना निदेशक तथा तीन मीडिया कर्मियों को रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य चुनाव के समय निर्वाचन में प्रयोग होने वाले प्रचार प्रसार के बिन्दुओं, पेड न्यूज आदि का परीक्षण करना है। आज इसकी अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल की अध्यक्षता में इसकी बैठक हुई, जिसमें इसके सदस्य एवं सदस्य सचिव आदि ने भाग लिया। इस बैठक में पेड न्यूज की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों द्वारा अपने दो दिन के अंकों में पेड न्यूज का प्रकाशन किया गया है।यह प्रकाशन राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत दलों के उम्मीदवारों के सम्बंध में किया गया।इस प्रकरण को समिति के संस्तुति के आधार पर चुनाव अधिकारी बीकापुर, रूदौली एवं मिल्कीपुर द्वारा सम्बंधित पत्रों को 24 घंटे के अंदर पेड न्यूज के सम्बंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि कल सायं 5 बजे तक स्पष्टीकरण प्राप्त नही होता है तो मा0 सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर निर्गत पर भारत निर्वाचन आयोग के आदेश 27 अगस्त 2012 एवं तदानुसार 13 सितम्बर 2018 एवं 25 फरवरी 2019 के अनुसार कार्यवाही कर दी जायेगी तथा इस सम्बंधित पेड न्यूज का वित्तीय आगणन तैयार कर उनके खाते में जोड़ दिया जायेगा। इस सम्बंध में उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने समस्त प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक मीडिया के सहयोगियों से अपील किया कि उल्लेखित शासनादेशों का निर्वाचन आयोग के वेबसाइड से डाउन लोड कर अध्ययन कर लें तथा उसका अनुपालन करायें अन्यथा बाध्य होकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करना पड़ेगा। यह भी अवगत कराना है कि मा0 प्रेक्षक महानुभाव जनपद में भ्रमण कर रहे है उनके द्वारा भी इन प्रकरणों को जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को संज्ञान में लाया गया था और सभी को इसमें सहयोग की अपील की गयी है कि पेड न्यूज का किसी भी प्रकार से प्रकाशन न करें तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों ने प्रमुख सचिव के आदेश को बनाया मजाक

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों द्वारा प्रमुख सचिव के आदेश को मजाक बना दिया गया है।जिसके चलते संपूर्ण तहसील क्षेत्र में छोटा जानवर बेरोकटोक घूम रहे हैं।वही इस समय आए दिन आम आदमियों पर हमला करके मौत के घाट उतार रहे हैं।जिसके चलते जनता में व्यापक रूप से आक्रोश व्याप्त होता चला जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार प्रमुख सचिव द्वारा समद ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ग्राम प्रधानों एवं पशुपालन विभाग को जिलाधिकारी के माध्यम से निर्देशित किया गया कि समस्त निराश्रित को तत्काल प्रभाव से आश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए।परंतु राजनीति में लिप्त इन अधिकारियों द्वारा कागज में तो शायद कार्रवाई की जा रही होगी।परंतु मौके पर कार्रवाई शून्य के बराबर आज भी क्षेत्र में समस्त स्थानों पर निराश्रित गोवंश टहलते हुए नजर आ रहे हैं। प्रमुख सचिव द्वारा गोपनीय ढंग से इसकी निगरानी करा ली जाए तो समस्त अधिकारियों की सत्यता तोता सामने आ जाएगी ऐसे अधिकारियों पर प्रमुख सचिव द्वारा तत्काल कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग जनता द्वारा की जा रही है।

# अपहरण और रेप के आरोपी को दी जमानत : बच्चे को मां–बाप से दूर रखना ज्यादा कठोर– हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अपराध कानून का इस्तेमाल सार्थक और बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कठोर पॉक्सो कानून नाबालिग लड़की को यौनाचार के अपराध से संरक्षण देने के लिए जरूरी है। अपराध भले ही गंभीर है लेकिन इसे सार्थक ढंग से लागू किया जाना चाहिए। गैर जिम्मेदाराना रवैए से इसे लागू किया गया तो पीड़िता को अपूरणीय क्षति हो सकती है। ऐसे नासमझ किशोरों का जीवन बर्बाद हो जाएगा। जिन्होंने अनजाने में नजदीकी बढ़ाई प्रेम संबंध बनाए और साथ जीवन बिताने के संकल्प के साथ शादी की। बच्चे का जन्म हुआ। कार्रवाई से पारिवारिक परंपरा और जीवन मूल्यों को समझाने में विफल रहे मां–बाप को कुछ हासिल नहीं होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने खागा फतेहपुर के अतुल मिश्र की जमानत अर्जी को विशेष स्थिति में स्वीकार करते हुए दिया है। बच्चे सहित पीड़िता को तत्काल रिहा करने का आदेश कोर्ट ने कहा कि स्कूल में साथ पढ़ने वाले नाबालिगों ने घर से भाग करके शादी की। बच्चे को जन्म दिया। अब बच्चे को माता–पिता के प्यार से दूर रखना कठोर निर्णय होगा। कोर्ट ने अपराध की प्रकृति सबूतों और विशेष स्थिति पर विचार करते हुए याची की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। साथ ही राजकीय बाल कल्याण गृह बालिका खुल्दाबाद प्रयागराज की इंचार्ज को बच्चे सहित पीड़िता को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मगर नोटिस मिलने के बावजूद कोई जवाब नहीं आया। 17 नवंबर 2019 को खागा थाने में पिता ने नाबालिग लड़की के स्कूल से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घर नहीं लौटने पर अपहरण करने का आरोप लगाया।

# एआईएमआईएम प्रत्याशी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के रुदौली विधानसभा क्षेत्र से एआईएमआईएम प्रत्याशी शेर अफगन ने पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ भेलसर स्थित कार्यालय से बाइक व चार पहिया वाहनों के लम्बे काफिले के साथ पार्टी कार्यकर्ता एआईएमआईएम पार्टी जिन्दाबाद,असद उद्दीन ओवैसी जिन्दाबाद,शेर अफगन जिन्दाबाद के नारों के साथ रुदौली पहुंचकर पार्टी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।उसके बाद वे सभी पैदल भ्रमण करते हुए विश्व प्रसिद्ध हजरत शेख अब्दुल हक रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर पहुंचकर हाजिरी देकर वहां से एक लंबे काफिले के साथ पैदल भर्मण करते हुए पार्टी कार्यालय पहुंचे।इस मौके पर पार्टी कार्यालय पर मौजूद अन्य दलों के सैकड़ों लोगों को एआईएमआईएम पार्टी में शामिल किया।उसके बाद पार्टी कार्यालय पर एक जन सभा को मौलाना मुजाहिदुल इस्लाम ने सम्बोधित किया।मौलाना ने अपने संबोधन मे किसानों की समस्याएं,लोगों की जानमाल की सुरक्षा की आवाज उठाई और कोरोना काल मे शेर अफगन की सेवाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।उन्होंने जीतने के बाद रुदौली क्षेत्र मे एक बड़ा अस्पताल और इंजीनियरिंग कालेज खोलने का वादा किया।शेर अफगन ने अपने सम्बोधन में रुदौली को जालसाजों को जवाब देने के लिए तैयार रहने के लिए कहा और बदलाव लाने व हक व इन्साफ के लिए लड़ने मे मजलिस का साथ देने की अपील करते हुए कहा कि यहां जितने भी प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।वह सभी प्रत्याशी बाहरी हैं सिर्फ एआईएमआईएम प्रत्याशी ही रुदौली का है जिसे आप लोग पतंग के सामने वाला बटन दबाकर 27 फरवरी को वोट देकर भारी वोटों से जिताने की अपील की।शेर अफगन अन्त में कार्यकर्ताओ को धन्यवाद दिया और 25 फरवरी को बैरिस्टर असद उद्दीन ओवैसी की सभा मे भारी संख्या में आने की अपील की।उक्त अवसर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष शहनवाज शमीम सिद्दीकी,जिला सचिव महताब आलम व जिला सचिव कफील अहमद,फैजआलम फैजी संगठन मंत्री,मो0 आजाद नगर अध्यक्ष,रिजवान खान वि. स. अध्यक्ष,इकरार खान ब्लॉक अध्यक्ष,तौफीक अहमद,शाहरुख खान,नजीब खान,अखिलेश कुमार,राम प्रताप,इरफान अली,जावेद अहमद,मो. कसीम,सगीर अहमद,राहुल कुमार, सलमान, महताब, पप्पू, सोनू, हाफिज सऊद, सैफुल हक, मुईन खान, शादाब खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद पांडेय ने अपने समर्थको के साथ थामा बसपा का दामन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के रुदौली विधानसभा क्षेत्र स्थित ग्राम सभा पुरायं के प्रधान पद रनर रहे वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद पांडे ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता छोड़कर बसपा का दामन थामा है।उन्होंने पूर्व मंत्री सैयद अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां की अगुवाई में बसपा का दामन थामा तथा उन्होंने अपने तमाम साथियों को भी बसपा में सदस्यता दिलाई। उन्होंने बताया क्षेत्रीय नेता से प्रभावित होकर हम सभी ने निर्णय किया हमारे दुख सुख में पूर्व मंत्री सैयद अब्बास अली जैदी सदैव खड़े रहते हैं हम सभी उनके कार्यों से प्रभावित हैं इसलिए हमने उन पर विश्वास जताते हुए बसपा की सदस्यता ग्रहण की है।श्री पांडे ने बताया भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान विधायक ब्राह्मण विरोधी हैं वह स्वयं थाने में बैठकर मुझे लॉकअप में डलवाकर एक फर्जी मामले में उन्होंने जेल तक भिजवा दिया।जिस पार्टी में हमारा या हमारे अपने लोगों का सम्मान न हो छोटे लोगों को प्रताड़ित किया जाए उस पार्टी में रहने का कोई मतलब नहीं।वह अपने साथियों के साथ पूर्व मंत्री के पुत्र डॉक्टर आरिस जैदी को लेकर गांव गलियों में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं तथा उन्होंने बताया बसपा यहां 50000 मतों से विजय हासिल करेगी यह मेरा आशीर्वाद है।हम सभी रात दिन एक कर देंगे।बताते हैं कि श्री पांडे की सवर्ण व दलित वर्गों में अच्छी पैठ मानी जाती है।

# हरिओम ने आर्थिक मदद कर निभाई कन्यादान की रस्म

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले भर में अपनी समाजसेवा से एक अलग बनाने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति हरिओम तिवारी ने तीन बेटियों की शादी में मदद कर कन्यादान बखूबी रस्म निभाई है।जिला सुल्तानपुर के बघराजपुर गाँव निवासी संजय मिश्रा,अमानीगंज के खंडासा थाने में पुलिसकर्मियों के लिये खाना बनाने वाले व्यक्ति की पुत्री तथा रुदौली निवासी अजय तिवारी की बहन की शादी की सूचना हरिओम को फोन के माध्यम से प्राप्त हुई थी।उन्होने आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण तीनों व्यक्तियों की यथासम्भव मदद कर समाज के नाम एक अच्छा संदेश देने का काम किया है। वो कहते हैं कि यदि ईश्वर ने हमें इस लायक बनाया है तो मैं किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने में क्यों पीछे हटूं।उन्होंने अन्य सामर्थ्य लोगों से भी जरूरतमंद तथा गरीब व्यक्तियों की मदद करने की अपील की है। ज्ञात हो कि खंडासा थाने में काम करने वाले व्यक्ति की मदद करने पर हरिओम की मदद थाना प्रभारी तथा उनका पूरा स्टाफ भी कर रहा है। हरिओम ने कहा कि आगे भी जिस किसी भी बेटी के सर से पिता का साया उठ गया है, उसके मदद के लिये विशेष रूप से आगे रहूंगा। ज्ञात हो कि हरिओम इससे पूर्व में भी दर्जनों लड़कियों की शादी में आर्थिक मदद कर चुके हैं।

# विधानसभा मिल्कीपुर में मतदान केंद्रों पर अव्यवस्था, मतदान केंद्र पर शौचालय तो है पर पानी गायब

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव की तिथि धीरे–धीरे नजदीक आ रही है पर मतदान केंद्रों का आज तक कायाकल्प नहीं हो सका है।जिसके चलते मतदाताओं के साथ ही मतदान कर्मियों को भी समस्याओं से दो चार होना पड़ सकता है। मतदान केंद्र पर आज भी बिजली, पानी, व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त नहीं हो सकी हैं।सूत्र के मुताबिक मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भंटपुरा गोपालपुर बना मतदान केन्द्र पर अव्यवस्थाओं का बोल बोला है।इस केन्द्र पर न तो पानी है और न ही शौंचालय की व्यवस्था है।मतदान केन्द्र पर व्यवस्थाएं सुधारने के लिए पंचायत विभाग शिक्षा विभाग से लेकर राजस्व कर्मियों को लगाया गया है, लेकिन अभी तक व्यवस्थाएं दुरूस्त नहीं हो सकी हैं।इस मतदान केंद्र पर शौचालय बदहाल है, लगा पानी का मोटर भी काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिसके चलते टंकियों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। विद्यालय भले ही कायाकल्प की सूची में रहा हो, लेकिन विद्यालय परिसर में बने शौचालय में दरवाजा आज तक नहीं है।वही इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अमानीगंज रामबरन ने बताया कि जानकारी मिली है।खामियों को सुधारने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित कर दिया गया है।जल्द ही सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएंगी।

# मिल्कीपुर में विधानसभा चुनाव को लेकर युवाओं में उत्साह, 27 फरवरी को पड़ेगा वोट

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)इस समय जिले के सभी विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं।छात्र–छात्राओं ने शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मतदान शिक्षा के मुद्दे को लेकर किया जाएगा। साथ ही कहा कि सुरक्षा सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर भी मतदान होगा।इस मौके पर छात्रा शिवांगी सिंह ने बताया कि इस चुनाव में महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार के साधन, विकास के मुद्दे को लेकर मतदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सरकार कितनी सफल रही है, इसको लेकर भी मतदान होगा। छात्र भरत पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश की उन्नति, कानून व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर इस बार के विधानसभा चुनाव में मतदान होगा। क्योंकि जब तक विकास नहीं होगा, तब तक प्रदेश की उन्नती संभव नहीं है। छात्रा आर्या सिंह ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में अपराध के खिलाफ मतदान करेंगे। अपराध में कमी देखने को मिली है। जब अपराध कम होगा तो लोगों की आमदनी बढ़ेगी। जिससे प्रदेश का विकास होगा। छात्र आकाश सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। सरकारी स्कूलों का स्तर दिनों दिन घट रहा है। जिसकी वजह से प्राइवेट स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक के मुद्दे को लेकर इस बार के विधानसभा चुनाव में मतदान करेंगे।

# मिल्कीपुर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहालों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीण मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के नौनिहालों ने मतदाता जागरूकता नारे लगाते हुए मताधिकार के प्रयोग की अलख जगाई।खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर सियाराम वर्मा के निर्देशन में शिक्षा क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय तेन्धा, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिधौना, प्राथमिक विद्यालय मसेढ़ा, प्राथमिक विद्यालय सराय धनेठी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसेढ़ा, प्राथमिक विद्यालय टिकरा, प्राथमिक विद्यालय मिल्कीपुर, प्राथमिक विद्यालय गोकुला सहित सभी विद्यालयों के शिक्षकों के नेतृत्व में नौनिहालों ने शत प्रतिशत मताधिकार के प्रयोग की अलख जगाई। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई मिल्कीपुर अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह, मंत्री भगवती प्रसाद यादव, विजय सिंह, सीमा गुप्ता, रेफांशू सिंह, विनय कुमार, किरण वर्मा सहित समस्त विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# बह रही विकास की डोर फिर चलो योगी की ओर – वेद प्रकाश गुप्ता

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी अयोध्या मंडल की तरफ से कार्यकर्ताओं ने विशाल जीत के लिए कमर कस लिया है।इसके लिये अयोध्या के विभिन्न गलियों मोहल्लों में टीम बनाकर वेद प्रकाश गुप्ता के पक्ष में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क अभियान लगातार किया जा रहा है।वही इसी कड़ी में चुनाव संयोजक चुनाव प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण के कुशल दिशा निर्देशन में घर घर जाकर पत्रक पंपलेट वितरित कर अयोध्या के विकास से संबंधित योजनाएं एवं सरकार की योजनाओं के बारे में बता कर सभी से ऐतिहासिक विजय दिलाने की अपील की गई।इस मौके पर भाजपा विधायक व प्रत्याशी वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में पूरे विश्व एक ऐतिहासिक पर्यटन एवं हिंदू धर्म तीर्थ के रूप में विकसित होगी।इसके लिए एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार को विजय बनाये।इस मौके पर मंडल मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव कार्यालय प्रभारी एवं चुनाव संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष बाल कृष्ण के दिशा निर्देशों के अनुसार मतदाता जागरूकता एवं भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने के लिए दिन प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा लोगों से व्यक्तिगत रूप से विभिन्न मोर्चा एवं टोलियां के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है।अयोध्या विधानसभा में सबसे ज्यादा मतों से जीतने का रिकॉर्ड अयोध्या मंडल की तरफ से बनाया जाएगा।

# सपा भाजपा एक सिक्के के दो पहलू,सोच समझकर करे मतदान – सुनील पाठक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के बीकापुर विधानसभा बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक दर्जनों गांव में पहुंच कर सभाएं कर भाजपा को किसान और नौजवान विरोधी तथा सपा को भाजपा की दूसरी पार्टी बताया।इस मौके पर श्री पाठक ने कहा कि इन यह दोनो पार्टी के नेताओं के आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं, इसलिए जनता को सोच समझकर मतदान करना होगा।उन्होंने कहा बीकापुर विधानसभा का चुनाव धर्म और मजहब से ऊपर उठकर होने वाला है बसपा को सभी वर्गों का प्यार वा समर्थन मिलता हुआ दिखाई पड़ रहा है ,यही कारण है सपा और भाजपा में चुनाव हारने वाला डर का माहौल दिखाई पड़ रहा है।ऐसे समय पर बसपा के कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि वे सभी जनता के बीच जाकर जोर शोर से जन जन तक बसपा के जीतने का संदेश प्रसारित करें।श्री पाठक शाहगंज उमरपुर कल्याणपुर बस रामपुर बीपी जलालपुर माफी बीकापुर गुन्नौर रामपुर भगन आदि जगहों पर सभाएं कर बसपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। उक्त सभाओं में उक्त सभाओं में मोहम्मद असद, बबलू मौर्या ,हरीश चंद्र निषाद, केके पासी ,राम नायक तिवारी, राकेश वर्मा, शिव प्रकाश मिश्रा, अनिल पांडे, रामनाथ भारती, विक्की पांडे , केशव चौधरी, सुरेश पासी ,राज कुमार कन्नौजिया आदि प्रमुख लोग रहे।

# मयूरी तिवारी अपने समर्थको के साथ सपा में हुई शामिल

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) इस समय राजनैतिक पार्टियों में अभी भी राजनेताओ व उनके समर्थको का आना जाना लगा है। इसी क्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व मिल्कीपुर विधानसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में यहां से लोकसभा का चुनाव आम आदमी पार्टी के टिकट पर लड़ चुकी मयूरी तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।इसी क्रम में दर्जन भर से ज्यादा बसपा कार्यकर्ताओं ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री व मिल्कीपुर विधानसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने बताया कि समाजवादी पार्टी की ओर समाज का हर वर्ग आशा भरी निगाहों से देख रहा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी ने भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की शपथ ली है। उन्होंने बताया कि बड़ी तादाद में लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे हैं विधानसभा चुनाव के बाद जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा ।पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में आम आदमी पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ चुकी मयूरी तिवारी ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर लिया। इसके अलावा तमाम बसपा कार्यकर्ताओं ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ।उन्होंने बताया कि आज बहुजन समाज पार्टी छोड़कर सपा जॉइन करने वालों में महाराज दीन कोरी, राम लौट, देवकली गौतम, श्रीचंद ,रमेश तिवारी, संतोष उपाध्याय आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव बख्तियार खान विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव महासचिव यदुनाथ यादव रामजी पाल राम लहू यादव महेश कुमार शर्मा हाफिज फैजान तुलसीराम यादव रहीस खान रामसुंदर सरोज मदन यादव सोहनलाल सिराज अहमद मोहम्मद शमीम अंसार अहमद खान राजकुमार शिल्पकार हरिराम कोरी हरि बक्स सिंह सुभाष यादव दाता दीन यादव सुनील कुमार कोरी आदि लोग मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।